an>

Title: Need to set up a big industry in Rohtas Udyog Punj, Dalmianagar, Rohtas, Bihar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) ः रोहतास उद्योग पुंज, डालमियानगर (रोहतास) बिहार के बंद हो जाने से जिला उद्योग विहीन हो गया है तथा बेरोज़गारी का आलम है। इस उद्योग पुंज के संरचना पर कोई भी कल-कारखाना सुविधापूर्वक स्थापित किया जा सकता है, जिससे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था के संवर्द्धन के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों को रोज़गार मिलेगा।

इस प्रसंग में माननीय प्रधानमंत्री जी की नीतियों के अनुरूप समानरूप से बंद पड़ा उद्योग यथा- बरौनी, सिंदरी तथा गोरखपुर के उद्योगों को पुनर्जीवित करने के केंद्र सरकार की कार्रवाई स्वागतयोग्य है।

अतः मेरा सरकार से विशेष अनुरोध कि रोहतास उद्योग पुंज, डालमियानगर (रोहतास) बिहार के परिसर में कोई बड़ा उद्योग/रेल कारखाना या खाद कारखाना खोलने हेतु संबंधित मंत्रालय को निर्देशित किया जाये, ताकि डालमियानगर (रोहतास) बिहार के बेकार पड़े परिसर की भूमि का सदुपयोग कर इस क्षेत्र की बेरोज़गारी तथा गरीबी को दूर किया जा सके।